न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण
मुकदमा संख्या 25 / 2025
छुट्टन बनाम हीरालाल व अन्य

12.01.2026

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी श्री राकेश जैमन उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा निवेदन किया कि विचारधीन प्रकरण में न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्टट्रैक) बांदीकुई के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी सुश्री नीतू करोल का स्थानान्तरण हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं अधिवक्ता प्रार्थी के कथन पर मनन किया गया। विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सुश्री नीतू करोल सहायक कलक्टर(फास्ट ट्रेक) बांदीकुई के विरूद्ध पेश किया गया है। पीठासीन अधिकारी सुश्री नीतू करोल का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिये प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सारहीन हो जाने से इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। अतः न्यायालय सहायक कलक्टर(फास्ट ट्रेक) बांदीकुई में विचाराधीन मुकदमा नम्बर 104 / 2018 (12 / 2009) दावा उनवानी हीरालाल आदि बनाम प्रभात्या आदि को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थी छुट्टन पुत्र हरनारायण जाति मीना निवासी बास बिवाई तहसील बैजूपाडा जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय सहायक कलक्टर(फास्ट ट्रेक) बांदीकुई को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 12.01.2026 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।

12/1/2026

(अरविन्द शर्मा)
अति. जिला कलक्टर,दौसा

Scanned with OKEN Scanner